संख्या- 328 /2026/आर0एफ0-1834/नौ-9-2026/006-ई-2073622

प्रेषक,

चन्द्रपाल सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
शाहगंज, जनपद-जौनपुर/हाटा, जनपद-कुशीनगर/नकुड़, जनपद-सहारनपुर/खलीलाबाद, जनपद-सन्तकबीरनगर/बहजोई, जनपद-सम्भल/बलिया, जनपद-बलिया/नवाबगंज, जनपद-गोण्डा।

नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ : दिनांक 29 सितम्बर, 2026

विषयः- वित्तीय वर्ष 2026-27 में 'पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना' अनुदान संख्या-37 से ब्याज रहित ऋण के रूप में नगर पालिका परिषदों के कार्यों/परियोजनाओं हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने एवं प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि सन्दर्भित नगरीय निकायों द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजनान्तर्गत अनुदान सं0-37 के अन्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त निकायों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निकायों की मांग पर पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना से ब्याज रहित ऋण के रूप में धनराशि स्वीकृत की जाती है। उपर्युक्त निकायों द्वारा प्रस्तुत परियोजना के आगणन/प्रस्ताव, कुल लागत धनराशि रू0 1034.94 लाख (रूपये दस करोड़ चौंतीस लाख चौरान्नबे हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्ययोजना में स्वीकृत धनराशि रू0 999.88 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत की धनराशि रू0 499.94 लाख (रूपये चार करोड़ निन्यानबे लाख चौरान्नबे हजार मात्र) अनुदान संख्या-37, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत ब्याज रहित ऋण के रूप में निम्न विवरणानुसार एवं निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की मा0 राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं:-

नगर पालिका परिषद

अनुदान संख्या-37 (धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 सं0	निकाय/ जनपद का नाम	मद/कार्य	निकायों से प्राप्त डी0 पी0आर0 के अनुसार कार्यों की प्राक्कलित लागत/ प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति	स्तम्भ-(4) के सापेक्ष कार्ययोजना में अनुमोदित धनराशि	स्तम्भ-(5) के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की जा रही 50 प्रतिशत धनराशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

1	नगर पालिका परिषद शाहगंज, जनपद-जौनपुर	1. वार्ड नं0 09 नोहननट्टा में मुगीश के मकान से नगर पालिका सीमा तक सड़क व नाली निर्माण।	27.57		
		2. मोहल्ला पुराना चौक में लड्डू के मकान से राम लगन पण्डित के मकान तक डामर रोड व नाली मरम्मत/निर्माण कार्य।	21.02		
		3. जेसीज चौराहा से बैंक ऑफ महाराष्ट्रा होते हुए दादर बाईपास तिराहा तक सड़क निर्माण।	56.11		
		4. वार्ड नं0 24 मोहल्ला अलीगंज में शकील फ्रीज की दुकान से विकास के मकान तक नाली व सड़क निर्माण।	22.49		
		5. मोहल्ला अलीगंज में सोनू किराना (राहुल मेंहदी आर्ट) की दुकान से संतोष माली के दुकान होते हुए शकील रेफ्रीजरेटर के मकान तक डामर रोड व नाली मरम्मत/निर्माण कार्य।	31.94		
		6. वार्ड नं0 25 मोहल्ला पश्चिमी कौड़िया में अलाउद्दीन टेलर्स के मकान से भग्गल साव के मकान होते हुए जौनपुर मेन रोड तक सड़क व नाली निर्माण।	32.94		
		7. मोहल्ला एराकियाना में एजाज अहमद के मकान से लल्लू मियॉ के घर तक डामर रोड व नाली मरम्मत/निर्माण कार्य।	16.43		
		योग	**208.50**	**200.00**	**100.00**
2	नगर पालिका परिषद हाटा, जनपद-कुशीनगर	निर्माण सी0सी0 रोड व नाली हाटा कप्तानगंज मार्ग से नहर पुल होते हुए श्रीराम प्रसाद के घर तक। वार्ड नं0 -02, अब्दुलहमीदनगर।	45.63		
		गौरी रोड से सिंचाई विभाग डाक बंगला तक 7मीटर आक्टोगलन पोल डिजाईनगर ब्रैकेट सिंगल आर्म 120 वाट एलईडी स्ट्रीट लाइट आपूर्ति एवं संस्थापना कार्य। वार्ड न0-01, बाघनाथ।	28.85		
		गौरी रोड से चकिया कान्हा गौशाला तक 7मीटर आक्टोगलन पोल डिजाईनगर ब्रैकेट सिंगल आर्म 120 वाट एलईडी स्ट्रीट लाइट *आपूर्ति एवं संस्थापना कार्य। वार्ड न0-10, अम्बेडकरनगर।*	30.99		
		योग	**105.47**	**100.00**	**50.00**
3	नगर पालिका परिषद नकुड़, जनपद-सहारनपुर	1. वार्ड न० 3 में होली चोक पर जितेन्द्र की दुकान से अश्वनी के मकान तक लिंक गली- 1 प्रवीण के मकान से वाल्मिकी बस्ती के गेट तक व 2. राजकुमारी के मकान से किरण के मकान तक व 3. रिकू देशवाल के मकान से गीता के मकान तक व 4. कमल के मकान से बिजेन्द्र के मकान तक व 5. सोनू के मकान से पप्पू के मकान तक 6. रवि के मकान से सोनू के मकान तक 7. मनोज के मकान से महेन्द्र के मकान तक 8. अमन के मकान से मनोज के मकान तक 9. ईश्वर भारद्वाज के मकान से श्याम की दुकान तक सी०सी० सडक व नाली निर्माण कार्य।	44.87		
		2. वार्ड न० 3 में वाल्मिकी चौक पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.81		
		3. वार्ड न0 4 में सरसावा तिराहे पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.81		
		4. वार्ड न0 5 में पिलखनतला तिराहे पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.81		
		5. वार्ड न० 6 में अध्याना चौक पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.81		
		6. वार्ड न० 6 में विश्वकर्मा चौक पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		

		7. वार्ड न० 7 में झण्डा चौक पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		8. वार्ड न० 7 में एच०डी०एफ०सी० बैंक के सामने हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		9. वार्ड न0 9 में शेखर कालोनी पार्क में हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		10. वार्ड न0 10 में बी०आर०सी० चौक पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		11. न0 14 में नगर पालिका चौक पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		12. वार्ड न0 17 में रणदेवा रोड पर नये बस स्टैण्ड में हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		13. वार्ड न0 19 में पुराने बस स्टैण्ड पर हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		14. नगर पालिका कान्हा गौषाला में हाईमास्क लाईट की स्थापना का कार्य।	5.80		
		योग	**120.31**	**100.00**	**50.00**
4	नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद-संतकबीर नगर	नगर पालिका परिषद, खलीलाबाद के मोहल्ला गोरखर बिधियानी मोड़ से धीरज, उत्कर्ष, वृजभूषण का मकान होते हुए रिंकू के मकान मार्ग पर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	200.00		
		योग	**200.00**	**200.00**	**100.00**
5	नगर पालिका परिषद बहजोई, जनपद-सम्भल	1. नगर पालिका परिषद बहजोई में इस्लामनगर रोड पर इस्लामनगर चौराहे से मालबाबू पेट्रोल पम्प तक सड़क के दोनों ओर 7 मीटर लम्बे ओक्टागोनल पोल मय 130 वाट एल0ई0डी0 लाइट लगाने का कार्य।	77.87		
		2. नगर पालिका परिषद बहजोई में सम्भल चौराहे से खाटू श्याम मन्दिर तक सड़क के दोनों ओर 7 मीटर लम्बे ओक्टागोनल पोल मय 140 वाट एल0ई0डी0 लाइट लगाने का कार्य।	22.01		
		योग	**99.88**	**99.88**	**49.94**
6	नगर पालिका परिषद बलिया, जनपद-बलिया	1. वार्ड नं0 03 में मस्जिद/के0डी0फेबरक जोन से मेहन्दी दवाखाना होते हुए रेलवे क्रासिंग तक सी0सी0 रोड व ढक्कन सहित नाली निर्माण।	46.90		
		2. वार्ड नं0 07 में आवास विकास कालोनी में योगेन्द्र पाण्डेय के घर से राजीव गुप्ता के घर होते हुए हरेराम पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।	27.72		
		3. वार्ड नं0. 03 में पीटर इंग्लैण्ड व अमूल दूध से धूम बाबा होते हुए मस्जिद व के0डी0 अंसारी फेबरीक जोन तक सी0सी0 रोड व नाली का ढक्कन निर्माण कार्य।	47.09		
		4. वार्ड नं0 03 में मिढ्ढी चौराहा ज्योति स्वीट्स से रामकेशर भवन व शान्ति होते हुए पीटर इंग्लैण्ड व अमूल दूध तक सी0सी0 रोड व नाली का ढक्कन निर्माण कार्य।	57.93		
		5. वार्ड नं0 03 में मिढ्ढी चौराहा ज्योति स्वीट्स से पीटर इंग्लैण्ड व अमूल दूध से धूम बाबा व मस्जिद होते क्रासिंग तक एल0ई0डी0 लाईट का कार्य।	20.36		

		योग	**200.00**	**200.00**	**100.00**
7	नगर पालिका परिषद नवाबगंज, जनपद-गोण्डा	1. मोहल्ला कहरान में मुन्नी नर्स के मकान से पोख्तादरवाजा स्कूल तक पेन्टिंग रोड एवं दोनों पटरी पर रबर मोल्डेड इण्टर लाकिंग एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य।	65.89		
		2. नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत कोल्ड स्टोर चौराहा से बिजली दफ्तर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	24.45		
		3. नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत 100 अदद 75 से 90 वाट एल0ई0डी0 लाईट स्ट्रीट लाइट की क्रयदारी एवं स्थापना का कार्य।	10.44		
		योग	**100.78**	**100.00**	**50.00**
		कुल योग (नगर पालिका परिषद:अनुदान संख्या-37)	**1034.94**	**999.88**	**499.94**

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) यह धनराशि सम्बन्धित निकाय को ब्याज रहित ऋण के रूप में स्वीकृत की जा रही है, जो वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या-बी-4-918/दस-2006-8/1965टी0सी0 दिनांक-21.09.2006 की व्यवस्थानुसार 03 वर्ष के मॉरीटोरियम के पश्चात दस समान वार्षिक किश्तों में राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत निकायों को प्राप्त होने वाली धनराशि से समायोजन द्वारा वापसी सुनिश्चित की जायेगी।

(2) संबंधित निकाय द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0/आगणन में प्रस्तावित/प्राक्कलित लागत एवं योजनान्तर्गत स्वीकृत की जा रही कुल धनराशि के अन्तर की धनराशि निकाय द्वारा स्वयं के स्रोतों से वहन की जायेगी।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए वर्क आर्डर निर्गत करने के उपरान्त ही संबंधित निकायों द्वारा स्वीकृत कार्यों हेतु व्यय की जायेगी।

(4) स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे सम्बन्धित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी द्वारा निकाय के खाते में सीधे जमा किया जाएगा। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि किसी अन्य बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0 व डिपाजिट खाते में नहीं रखी जाएगी।

(5) स्वीकृत धनराशि का उपयोग स्वीकृत प्रयोजन पर ही किया जायगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिये इसका समस्त उत्तरदायित्व निकाय का होगा सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायगा।

(6) प्रस्तावित प्रायोजना के कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाए तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति/अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा तथा आंकलित आगणनों में उल्लिखित मात्राओं एवं मानकों को सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व संबंधित निकाय/कार्यदायी संस्था का होगा।

(7) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशो के अनुरूप किया जायेगा। प्रायोजना का निर्माण कार्य ससयम पूर्ण करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(8) स्वीकृत किये जा रहे कार्यों के कार्य स्थल पर डिस्पले बोर्ड पर योजना का नाम अर्थात पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना का पूर्ण विवरण एवं कार्य प्रारम्भ होने तथा पूर्ण होने की सम्भावित

तिथि का उल्लेख किया जाएगा। कार्य योजना का प्रस्ताव निकाय बोर्ड की बैठक में पारित कराने का दायित्व सम्बन्धित निकाय का होगा।

(9) स्वीकृत धनराशि की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के माध्यम से सचिव/प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग/वित्त विभाग को भी उपलब्ध कराया जाएगा।

(10) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों में निहित प्राविधानों का अनुपालन करते हुए समपबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के आधार पर किया जाएगा। विदयुत कार्यो के लिये शासनादेश संख्या-1383/ 9-9-14-943/14, दिनांक 19.11.2014 एवं शासनादेश संख्या-227/2015/1689-नौ-8-2015-96/2015, दिनांक 20.11.2015 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(11) नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाए।

(12) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रश्नगत कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(13) निष्प्रयोज्य होने वाले उपकरणों/सामग्री से प्राप्त धनराशि राजकोष में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

(14) स्वीकृत कार्यो के लिये स्थानीय निकाय कार्यदायी संस्था होगी।

(15) प्रस्तावित प्रायोजना में उल्लिखित विस्तृत ड्राइंग डिजाइन एवं तकनीकी स्वीकृति, जिसका सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त किया गया हो के आधार पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा तथा आकलित आगणनों में उल्लिखित मात्राओं को सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व सम्बन्धित निकाय/कार्यदायी संस्था का होगा प्रायोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व मानचित्रों को आवश्यकतानुरूप स्थानीय विकास प्राधिकरण सक्षम लोकल अथारिटी से स्वीकृत कराया जाय।

(16) उपर्युक्त अवस्थापना विकास के कार्य नगर की तात्कालिक आवश्यकता के आधार पर स्वीकृत किये जा रहे है। अतः शासनादेश निर्गत होने के पश्चात तत्काल कार्य प्रारम्भ कराया जाना अनिवार्य होगा।

(17) योजनान्तर्गत वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक-28 मार्च, 2026 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(18) उक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष (**31 मार्च, 2027** तक) में सुनिश्चित कराते हुये उपयोगिता प्रमाण-पत्र कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्यवाही सम्बन्धित निकाय द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

(19) आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये अधिशासी अधिकारी/अभियंता उत्तरदायी होंगे।

(20) कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करा ली जायें।

(21) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग नीति आयोग, भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा एस0 सी0एस0टी0/टी0एस0सी0 हेतु निर्धारित मानक व दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाये।

(22) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-457/21, दिनांक 30.06.2021 तथा यथा-संशोधित शासनादेश संख्या-1125/नौ-9-2025/45/2021-ई-1749112, दिनांक-04.06.2025 एवं संख्या-1124/नौ-9-2025/45ज/2021-ई-1749112, दिनांक- 04.06.2025 द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (Standard Operating Procedure SOP) में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

(23) प्रशा0 विभाग द्वारा 'सैंटेज चार्जेज, निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बंधित वित्तीय प्रबंधन' सम्बंधी वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मई, 2023 तथा शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 19 मई, 2023 के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(24) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित निकाय की होगी तथा निकाय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय-सीमा/अवधि में ही पूर्ण हो जाये, जिससे टाइम ओवर रन एवं कॉस्ट ओवर रन की स्थिति उत्पन्न न हो।

3. इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 499.94 लाख (रूपये चार करोड़ निन्यानबे लाख चौरान्नबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 037 लेखा शीर्षक 6215021920500 पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना मानक मद 30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या-**E-9-99-X-2026-27,** दिनांक- 23 सितम्बर, 2026 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
Digitally signed by CHANDRA PAL SINGH
Date: 28-09-2026 13:23:17
(चन्द्रपाल सिंह)
अनु सचिव।

संख्या- 328 /2026/आर0एफ0- 1834 /नौ-9-2026/006-ई-2073622, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
5. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगर विकास विभाग।
8. कोषाधिकारी, जनपद-जौनपुर/कुशीनगर/सहारनपुर/सन्तकबीरनगर/सम्भल/बलिया/गोण्डा।
9. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9।
10. वेब मास्टर, कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग।
11. पी0एम0यू0 यूनिट, नगर विकास विभाग।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(चन्द्रपाल सिंह)
अनु सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2026-2027
आवंटन दिनांक-29/09/2026

प्रेषण संख्या:- 328
आवंटन आदेश संख्या:- 001-328-2026-RF-1834-9-9-2026-006-E-2073622
अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2026-2027 का आवंटन)
लेखाशीर्षक:- 6215 - जल पूर्ति तथा सफाई के लिये कर्ज(आयोजनेत्तर-मतदेय)
02 - मल-जल तथा सफाई
192 - नगर पालिकाओं / नगर पालिका परिषदों को सहायता
05 - पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		30-निवेश/ऋण	योग
1	सहारनपुर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	5000000 19750000	5000000 19750000
2	जौनपुर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	10000000 15000000	10000000 15000000
3	बलिया-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	10000000 19997500	10000000 19997500
4	गोण्डा-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	5000000 5000000	5000000 5000000
5	कुशीनगर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	5000000 34993500	5000000 34993500
6	संत कबीर नगर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	10000000 28894000	10000000 28894000
7	सम्भल-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	4994000 4994000	4994000 4994000
	योग	वर्तमान प्रगामी	49994000 128629000	49994000 128629000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया चार करोड़ निन्यानवे लाख चौरानवे हजार
महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया बारह करोड़ छियासी लाख उन्तीस हजार

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव